आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 मंगलवार 02.06.2026

मुख्य समाचारः–

1– नई दिल्ली में जनजातीय छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सही विकास तभी संभव है, जब समाज के सभी वर्ग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से प्रगति करें।

2– सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बीजापुर जिले के कोंडापल्ली गांव पहुंचे।

3– नगरीय निकाय चुनावों के लिए मतगणना चार जून को होगी–इसी दिन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

4– धमतरी, देश का पहला ऐसा जिला बना, जहां सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ड्रोन स्प्रेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

राष्ट्रपति–जनजातीय छात्रवृत्ति योजना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शिक्षा सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली साधन है। यह लोगों को आत्मनिर्भर, जागरूक और सक्षम बनाती है। आज नई दिल्ली में जनजातीय छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सही विकास तभी संभव है, जब समाज के सभी वर्ग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से प्रगति करें।

भारत सरकार जनजातीय समुदायों के युवाओं को आगे बढाने के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही हैं। छात्रवृत्ति योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं है, यह युवाओं के सपनों को पंख देने का माध्यम है। यह उन युवाओं के जीवन में नई संभावनाओं का द्वार खोलती है, जिनमें प्रतिभा तो होती ही है, परन्तु संसाधनों का अभाव उन्हें आगे बढने से रोकता है। लेकिन मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि आप में से अनेक युवाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त की है।

राष्ट्रपति ने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति, आशा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने युवाओं, विशेषकर जनजातीय समुदायों के युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी जड़ों को न भूलें।

सुशासन तिहार–मुख्यमंत्री

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बीजापुर जिले के कोंडापल्ली गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनचौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनचौपाल में प्राप्त सभी आवेदनों और समस्याओं का समय–सीमा में निराकरण किया जाए। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करने का माध्यम है।

मुख्यमंत्री आत्मसमर्पित माओवादी दंपत्ति द्वारा संचालित किराना दुकान भी पहुंचे और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की सराहना की।

## त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव

राज्य में नगरीय निकायों और त्रि–स्तरीय पंचायतों के आम तथा उप–निर्वाचन के लिए मतदान कल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार नगरीय निकायों में अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए हुए मतदान में चौरासी दशमलव पांच–आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं त्रि–स्तरीय पंचायतों में जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पदों के लिए अट्ठहत्तर दशमलव छह–एक प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

आयोग ने बताया कि मतदान के दौरान किसी भी क्षेत्र से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। नगरीय निकायों के मतों की गणना चार जून को की जाएगी। वहीं, त्रि–स्तरीय पंचायतों के लिए हुए मतदान के बाद मतगणना मतदान स्थल पर ही कराई गई, इसके परिणामों की घोषणा चार जून को की जाएगी।

## रेहड़ी–पटरी कारोबार

प्रदेश में रेहड़ी–पटरी कारोबारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एक जून से तीस जून तक स्वनिधि महोत्सव और लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा आयोजित इस अभियान के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण सुविधा, यूपीआई और क्यूआर कोड जैसी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही उन्हें जन–धन, आयुष्मान भारत, सामाजिक सुरक्षा बीमा और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि अभियान का उद्देश्य छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सम्मानजनक जीवन के अवसर उपलब्ध कराना है।

## यात्री बस किराया

राज्य में यात्री बसों के किराये में वृद्धि को लेकर परिवहन विभाग ने बस संचालकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और मांगों पर चर्चा की। बस संचालकों ने बताया कि वर्ष दो हजार इक्कीस के बाद से किराये में बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है। उन्होंने डीजल के दामों के अनुसार किराया तय करने के लिए स्थायी व्यवस्था बनाने की मांग की। परिवहन विभाग ने कहा है कि अन्य राज्यों की किराया दरों का अध्ययन कर जल्द निर्णय लिया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय पर्यटक परमिट के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## समर स्पेशल ट्रेन

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर–कोरबा–रायपुर हसदेव एक्सप्रेस को एक अगस्त से प्रतिदिन चलाने का निर्णय लिया है। वहीं, ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बिलासपुर और यलहंका–बेंगलुरु के बीच तीन जून से दो जुलाई तक पांच–पांच फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएगी।

## सुशासन तिहार–मुख्यमंत्री

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बीजापुर जिले के कोंडापल्ली गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनचौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनचौपाल में प्राप्त सभी आवेदनों और समस्याओं का समय–सीमा में निराकरण किया जाए। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करने का माध्यम है।

मुख्यमंत्री आत्मसमर्पित माओवादी दंपत्ति द्वारा संचालित किराना दुकान भी पहुंचे और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की सराहना की।

## विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में देहरादून में आयोजित समारोह में नारायणपुर के लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र को "पर्यावरण चैंपियन अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। इस कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र द्वारा बीते वर्षों में जैविक खेती को बढ़ावा देने, वृक्षारोपण अभियान, जल संरक्षण गतिविधियों, नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रमों, किसानों और विद्यार्थियों के प्रशिक्षण तथा जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।

वहीं, विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को देहरादून में होने वाले समारोह में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के सेमरा में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर का "पर्यावरण चैंपियन अवार्ड" प्रदान किया जाएगा। इस विद्यालय का चयन पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा रायपुर में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। "प्रकृति से प्रेरित होकर जलवायु और भविष्य का संरक्षण करें" विषय पर होने वाली इस प्रतियोगिता में चार आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे।

## स्टील संयंत्र–आगजनी

रायपुर के पास मंदिर हसौद स्थित मिवान स्टील लिमिटेड संयंत्र में आज सुबह भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा–तफरी की स्थिति बन गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर–दूर तक दिखाई दिया। सूचना मिलते ही रायपुर तथा आसपास के क्षेत्रों से दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## मौसम

अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर विस्तारित है। वहीं, एक अन्य द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से तटीय पश्चिम बंगाल तक छत्तीसगढ़ होते हुए बनी हुई है। इसके असर से प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

इस बीच, आज दोपहर बाद गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में तेज हवा के साथ बारिश हुई है।

संक्षिप्त समाचार

– केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने बताया है कि उत्तर पुस्तिकाओं में पाई गई त्रुटियों के सत्यापन और उनके पुनर्मूल्यांकन के लिए पोर्टल आज से शुरू हो गया है। यह पोर्टल छह जून तक खुला रहेगा। सीबीएसई ने कहा है कि यह सुविधा केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की प्रति प्राप्त कर ली है।

– रायपुर जिले के दिव्यांग युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा पांच जून को बैरन बाजार स्थित शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज में विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में अस्थिबाधित, बौने, कम सुनने और देखने में कठिनाई वाले दिव्यांगजन भाग ले सकेंगे।

– कोरबा जिले के पाली थाना क्षेत्र में भीमसेनिया जंगल के पास बीती शाम हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>